तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री


10 शिविर में 400 लोगों के लिए सैंपल





10 जींद एनसीआर से बाहर किया जाए: शर्मा




## आईटीआई में दाखिले का इंतजार समाप्त, विभाग ने जारी की मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट

# फिटर और इलेक्ट्रिशियन कोर्स की मेरिट रही सबसे अधिक

### शनिवार और रविवार को भी खुले रहेंगे आईटीआई

कैथल राजकीय आईटीआई में 110 प्रतिशत तक पहुंची मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का शुक्रवार को इंतजार समाप्त हो गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने शुक्रवार को पहली मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी कर दी है। पहली मैरिट सूची में करीब 60 प्रतिशत सीट अलाट की गई हैं गौरतलब है कि आईटीआई में मिशन एडमिशन 8 जून से शुरू हो गया था। 8 से 25 जून तक आनलाइन आवेदन जमा करवाए गए थे। जिले में 9 राजकीय और 10 प्राइवेट आईटीआई चलाए जा रहे हैं जिनमें करीब 5000 सीटो 'पर दाखिला किया जाना है। यदि कैथल के आईटीआई की बात की जाए तो यह संस्थान में आनलाइन आवेदन में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। यहां 1224 सीटों के लिए 11 हजार से भी अधिक आवेदन आए हैं। पहली मैरिट सूची में जिन विद्यार्थियों को सीट अलाटमेंट की गई हैं तो वे021 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में जाकर अपने मूल दस्तावेजों के साथ फिजिकल वैरीफिकेशन करवा सकते हैं। इसके बाद विद्यार्थी को आनलाइन पोर्टल पर ही 3 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवानी होगी। जो विद्यार्थी फीस जमा नहीं करवाएंगे उनकी सीट अपने आप ही रद्द हो जाएगी। प्रदेश के अधिकतर राजकीय आईटीआई में शनिवार व रविववार को अवकाश होने के बावजूद भी दाखिला कमेटियों द्वारा दाखिला किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को सीट जारी संबंधित मैसेज मिला है तो वे आनलाइन पोर्टल से अपना सीट अलाटमेंट लेटर लेकर संबंधित आईटीआई में जाकर दाखिला ले सकेंगे।



कैथल। जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल दाखिले को लेकर कर्मचारियों से बातचीत करते। फोटो :हरिभूमि

### 756 सीट अलाट

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि पहली मैरिट सूची में 1224 में से 756 सीट अलाट की गई हैं। दाखिला कमेटियों का गठन कर दिया गया है। विद्यार्थी समयबद्ध संस्थान में आकर दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों को सीट अलाट की गई हैं तो वे 2 जुलाई तक डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन करवाते हुए दाखिला ले सकते हैं।



**प्रथम लिस्ट में यू रही सीटों की अलाटमेंट**

| कोर्स का नाम | अलाट की सीट |
|---|---|
| सीएचएनएम | 25 |
| कोपा | 82 |
| डाफटसमैन सिविल | 16 |
| डाफटसमैन मैकेनिक | 09 |
| डेस मेकिंग | 23 |
| इलेक्टिशियन | 74 |
| इलेक्टोनिक मैकेनिक | 28 |
| इंस्टरूमैंट मैकेनिक | 08 |
| फीटर | 40 |
| फायर टैक्नोलाजी | 45 |
| मशीनीस्ट | 08 |
| मशीनीस्ट ग्राइंडर | 06 |
| मोटर मैकेनिक व्हीकल | 31 |
| मैकेनिक टैक्टर | 22 |
| मल्टीमीडिया | 14 |
| पेंटर जनरल | 13 |
| पलंबर | 27 |
| मैकेनिक आरएसी | 14 |
| सीविंग टैक्नोलाजी | 11 |
| सायल टैस्टिंग | 08 |
| एसएसए अंग्रेजी | 74 |
| एसएसए हिंदी | 40 |
| टीपीईएस | 09 |
| टर्नर | 12 |
| टूल एंड डाई | 10 |
| वैल्डर | 35 |
| वायरमैन | 35 |
| वूड वर्क | 28 |

**यूं रही आईटीआई कैथल की मेरिट लिस्ट**

| कोर्स का नाम | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| सीएचएनएम | 100.00 | 52.4 |
| कोपा | 105.00 | 66.0 |
| डाफटसमैन सिविल | 97.00 | 65.00 |
| डाफटसमैन मैकेनिक | 83.4 | 56.8 |
| डेस मेकिंग | 100.00 | 61.00 |
| इलेक्टिशियन | 108.6 | 89.00 |
| इलेक्टोनिक मैकेनिक | 100.2 | 64.2 |
| फीटर | 110.0 | 67.0 |
| फायर टैक्नोलाजी | 105.0 | 69.0 |
| मशीनीस्ट | 100.6 | 58.0 |
| मशीनीस्ट ग्राइंडर | 84.8 | 54.4 |
| मोटर मैकेनिक व्हीकल | 105.0 | 65.4 |
| मैकेनिक टैक्टर | 105 | 62.2 |
| मल्टीमीडिया | 97.0 | 71.6 |
| पेंटर जनरल | 71.6 | 57.2 |
| पलंबर | 100.0 | 58.6 |
| मैकेनिक आरएसी | 101.4 | 61.8 |
| सीविंग टैक्नोलाजी | 91.8 | 54.0 |
| सायल टैस्टिंग | 105.0 | 77.2 |
| एसएसए अंग्रेजी | 105.0 | 61.2 |
| एसएसए हिंदी | 105.0 | 46.6 |
| टीपीईएस | 101.6 | 52.0 |
| टूल एंड डाई | 63.2 | 60.8 |
| टर्नर | 87.8 | 69.0 |
| वैल्डर | 98.0 | 63.0 |
| वायरमैन | 104.2 | 79.0 |
| वूड वर्क | 95.0 | 54.4 |

**यूं रहेगा शेडयूल**
**पहली मैरिट लिस्ट**

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन- 28 जून से दो जुलाई तक
फीस जमा करवाने की तिथि- 28 जून से 3 जुलाई तक
दूसरी मैरिट लिस्ट का ये रहेगा ब्यौरा-
खाली सीटों का ब्यौरा- 4 जुलाई को
पहली मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट - 9 जुलाई
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन- 9 से 12 जुलाई तक
फीस जमा करवाने की तिथि- 9 से 13 जुलाई तक

### डाक्यमेंट वैरीफिकेशन के लिए दस्तावेज

1 योग्यता के ओरिजिनल प्रमाण पत्र तथा उनकी एक-एक फोटो प्रति।
2 आनलाइन आवेदन किए गए फार्म की प्रतिँ
3 पोर्टल से निकाली गई सीट अलाटमेट की प्रति।
4 जाति प्रमाण पत्र एससी, बीसी या अन्य श्रेणी से संबंधित है।
5 भूतपूर्व सैनिक, पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदन में दर्शाया है।
6 आनलाइन फीस जमा करवाने हेतु एटीएम कार्ड या अन्य।
7 दो पासपोर्ट साइज नवीनतम रंगीन फोटो।

## खबर संक्षेप

### पावर हाउस पर ताला जड़ने पर 6 नामजद

**जींद।** सिंघाना पावर हाउस पर ताला जड़ने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने छह लोगों को नामजद कर 60 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, बंधक बनाने, दुर्व्यवहार करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम सफीदों के एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दी है।

### परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न के लिए लगाई धारा-144

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की 10वीं व 12वीं की ओपन वार्षिक परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 144 लागू करने के आदेश पारित किए हैं। ये आदेश 11 जुलाई तक प्रभावी रहेंगे।

### खाने का बिल मांगा तो ढाबा संचालक व कारिंदों को पीटा

**जींद।** सफीदो ढाबे पर खाना खाकर रूपये न देने तथा ढाबा मालिक व कांरिदो के साथ मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी रोशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पानीपत रोड पर ढाबा है। बीती रात कार सवार तीन युवक ढाबे पर पहुंचे। जिन्होंने खाना खाकर छह खाने पैक करवा लिया।

### विवाहिता अपनी दो बेटियों सहित लापता

**कैथल।** कलायत के एक कॉलोनी से एक विवाहिता अपनी दो बेटियों सहित लापता हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि 27 जून को शाम के समय उसकी पत्नी उनकी दो बेटियों के साथ बिना बताए कहीं चली गई। वह अभी तक वापस नहीं लौटी है। जांच अधिकारी जसबीर ने बताया कि पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**नरवाना।** धमतान साहिब पुलिस ने व्यक्ति को मोबाइल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान साहिल वासी धमतान साहिब के रूप में हुई है। बता दे कि 6 जून को अंकित वासी धमतान साहिब ने पुलिस चौकी में शिकायत दी की घर में फोन चार्ज लगाकर सोया हुआ था सुबह देखा तो फोन नहीं मिला जो ना मालूम व्यक्ति घर में घुस फोन चोरी करके ले गया।

### नाबालिगा से छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

**कैथल।** नाबालिगा से छेड़छाड़ करने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए गांव भागल निवासी आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि थाना चीका अंतर्गत के एक गांव निवासी 17 वर्षीय नाबालिग युवती की शिकायत अनुसार उपरोक्त आरोपी अकसर उसका पीछा करता था।

### फार्म से 53 पशु चोरी, मामला दर्ज

**जीद।** गांव राजपुरा भैण में बीती रात चोरों ने बकरी फार्म से 53 बकरियो को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने फार्म मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाव राजपुरा भैण निवासी सुनील ने पुलिस को शिकायत दी है।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** चीका क्षेत्र की कालोनी की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में थाना महिला पुलिस की लेडी एचसी सुदेश ने पीड़िता के पति बलबेहड़ा निवासी देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 12 फरवरी 2017 को देवेन्द्र उपरोक्त के साथ हुई थी।

# बाल कल्याण विभाग ने मारा छापा टीम ने पांच बाल श्रमिक छुड़वाए

- नाम मात्र के मेहनताना पर दस से 12 घंटे लिया जा रहा था बच्चों से कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल कल्याण विभाग ने बाल श्रम को लेकर शहर मे कई दुकानों पर औचक दस्तक दी। जिसमें चार दुकानों पर पांच नाबालिग बच्चों को काम करते पाया गया। शहर थाना पुलिस ने बाल कल्याण विभाग के स्टेट कोआर्डिनेटर की शिकायत पर चार दुकानदारों के खिलाफ लेबर एक्ट, जूनायल जस्टिस केयर एड प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाल कल्याण विभाग को सूचना मिली थी कि शहर में दुकानों पर बाल श्रम करवाया जा रहा है। जिसके आधार पर विभाग के स्टेट कोआर्डिनेटर पुनीत शर्मा के नेतृत्व मे टीम ने सबसे पहले सैनी रामलीला ग्राउंड के निकट शिवआटो गैरिज पर दस्तक दी। गैरिज में यूपी के दो बच्चे काम करते पाए गए। जिनकी उम्र 15 व 17 वर्ष मिली। दोनों बच्चे तीन से छह हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से बाइक रिपेयरिंग का कार्य हर रोज दस घंटे कर रहे थे। गैरिज मालिक की पहचान सुभाष के रूप मे हुई। जिसके बाद टीम ने रुपया चौक पर जेके मैडिकल हाल पर दस्तक दी। जहां पर 14 वर्षीय बालक तीन माह से ढाई हजार रुपये में 12 घंटे काम कर रहा था। संचालक की पहचान जोगेंद्र के रूप मे हुई। जिसके बाद टीम शिव चौक के ममता इम्पोरियम पहुंची। वहां पर 16 वर्षीय यूपी का बच्चा काम करता पाया गया। जो एक साल से पांच हजार रूपये महिना पर काम कर रहा था।

# कृषि विभाग की टीम ने दुकान से 94 बैग यूरिया पकड़ा

- कालाबाजारी के लिए किया गया था गोदाम में यूरिया का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीद

कृषि विभाग की टीम ने अलेवा अनाज मडी का औचक निरीक्षण के दौरान भगवती ट्रेडिग कपनी मे 94 बैग अनाधिकृत यूरिया के बैग पकडे है। फर्म मालिक यूरिया से सबधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सका। अलेवा थाना पुलिस ने विभाग के क्वालिटी निरीक्षक की शिकायत पर फर्म मालिक तथा स्पलाई फर्म के खिलाफ आवश्यक वस्तु कालाबाजारी निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृषि विभाग की टीम ने क्वालिटी निरीक्षक नरेद्रपाल के नेतृत्व मे अलेवा अनाज मडी मे भगवती ट्रेडिग कपनी मे दस्तक दी। तलाशी के दौरान वहा पर 94 बैग युरिया के पाए गए। प्रत्येक बैग मे 45 किलोग्राम युरिया था। जो कि मैसर्ज चबल फर्टिलाईजर एड कैमिकल्स कोटा राजस्थान का अनाधिकृत स्टाक था। फर्म सचालक सुनील से खाद के सदर्भ मे दस्तावेज मांगे गए तो वह उन्हे दिखाने मे नाकाम रहा। जांच में सामने आया कि यूरिया खाद को कालाबाजारी के लिए भंडारण किया था। अलेवा थाना पुलिस कृषि विभाग के क्वालिटी निरीक्षक की शिकायत फर्म मालिक सुनील, तथा चबल फर्टिलाइजर के खिलाफ आवश्यक वस्तु कालाबाजारी निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया की क्वालिटी कंट्रोलर की तरफ से शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जींद। अलेवा में एक दुकान पर चैकिंग करती क्वालिटी कंट्रोलर की टीम।



उचाना। लितानी रोड पर अतिक्रमण हटाते नपा टीम।

- रेलवे रोड, लितानी रोड, मेन बाजार के अलावा अन्य बाजारों में अभियान चलाया
- सत्यवान की अगुवाई में चले अभियान के बाद दुकानदारों में हड़कंप

### नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**उचाना।** अतिक्रमण को हटाने के लिए नपा सख्त हो गई है। शहर के बाजारों में नपा द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अतिक्रमण को हटाने के साथ-साथ जो सामान सड़कों पर दुकानदारों ने रखा था उसे अपने कब्जे में लिया। नपा जेई सत्यवान की अगुवाई में चले इस अभियान के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने अपने-अपने सामान को दुकानों के आगे से अंदर रख गया। रेलवे रोड, लितानी रोड, मेन बाजार के अलावा अन्य बाजारों में ये अभियान चलाया गया जेई सत्यवान ने कहा कि पहले भी कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए दुकानदारों को सामान सड़क पर नहीं रखने को लेकर चेतावनी दी थी। दुकानों के आगे सामान रखने से सड़क सिकुड जाती है ऐसे में वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी होती है। इस तरह के अभियान निरंतर चलाए जाएंगे।

# 428 क्विंटल मक्का लेकर गांव नगूरा पहुंचा ट्रक माल के साथ संदिग्ध हालात में गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्णिया बिहार से लगभग 428 क्विंटल मक्का लेकर नगूरा पहुचा ट्रक भरे माल के साथ संदिग्ध हालात में गायब हो गया। ट्रक चालक तथा मालिक के फोन भी स्विच आफ है। ट्रक में लगभग साढे दस लाख रूपये का माल लोड था। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक मालिक तथा चालक के खिलाफ धोखाधडी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आंध्रा उडीसा ट्रास्पोर्ट के मालिक सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की उसने पूर्णिया बिहार के मालिक सुभाष से गांव नगूरा फीड मिल के लिए गाड़ी किराये पर ली थी। जिस पर चालक पवन था। जिसमे लगभग 428 क्विंटल मक्का लोड किया था। जिसकी कीमत लगभग साढे दस लाख रूपये थी। गत आठ जून को ट्रक को बिहार से रवाना कर दिया गया। जो गत 13 जून को गांव नगूरा फीड मिल में पहुंच गया। मक्का सही नही होने के कारण पार्टी ने माल को रिजेक्ट कर दिया। जिसके बाद माल से भरा ट्रक वापस नही लौटा। जब ट्रक मालिक तथा चालक के घरो पर पूछताछ की गई तो बताया गया कि गत 17 जून को दोनों घर आए थे। बावजूद इसके उसके माल को वापस नहीं लौटाया। दोनों के फोन भी स्विच आफ आ रहे है। अलेवा थाना पुलिस ने सुरेश की शिकायत पर ट्रक मालिक सुभाष तथा ट्रक चालक पवन के खिलाफ धोखाधडी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जांच जारी**

अलेवा थाना के जांच अधिकारी राजेश ने बताया फीड स्पलायर ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।



नरवाना। बिजली की समस्याओं को लेकर बिजली घर पहुंचे किसान।

### समस्याओं को लेकर बिजली घर पहुंचे किसान

**नरवाना।** शुक्रवार को दनौदा गांव के किसान खेतों में चल रही बिजली समस्यों को लेकर दनौदा गांव में स्थित बिजली घर में पहुचे। किसानों की सूचना मिलते ही सर्ब वन के एसडीओ दीपक नैन मौके पर पहुचे। जानकारी देते हुए किसान कर्मबीर, माकड, सत्यवान, राजेंद्र, जयबीर, अनूप, अनीश, शोना, जगदीश, राजकुमार ने बताया कि गांव में जो सरकार द्वारा आठ घंटे लाइट दी जा रही है वो उन्हें पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही। लाइट के कट भी अधिक लगाए जा रहे है और जो खेतों की बिजली की लाइन है वह हाइवे के लगे पेड़ो के बीच से हो कर आती है जब भी तेज हवा, आंधी व तुफान आते है तो बिजली की तारों में चिगारी से तारे जल जाती है। जिससे 'यादा कट लग जाते है। साथ में किसानों बताया कि कर्मचारी भी कम है और जो है उनमे से एक कर्मचारी लगातार चार महीनों से ड्यूटी पर नहीं है।

**बैठक** जिप अध्यक्षा समर्थक पार्षद पहुंचे, विपक्षी पार्षद नहीं पहुंचे डीआरडीए

जजपा समर्थक है जिप अध्यक्षा, भाजपा समर्थक को हराकर बनी थी अध्यक्ष

# सीईओ बाहर तो जिला परिषद ग्रांट वितरण व अनुमोदन बैठक स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद की ग्रांट वितरण तथा पिछली बैठक के कार्यो का अनुमोदन करने के लिए शुक्रवार को बुलाई गई बैठक नगर परिषद की सीईओ के बाहर होने से स्थगित हो गई। सीईओ के बाहर होने का प्रशासनिक कारण बताया है। जिप अध्यक्षा ने बताया कि बैठक स्थगित होने का उन्हे महज दस मिनट पहले पता चला। जल्द ही नई तारीख दे दी जाएगी। बैठक के स्थगित होने पर राजनीतिक क्यास लगाए जा रहे हैं। जिप की शुक्रवार को डीआरडीए हाल मे ग्रांट वितरण तथा पिछली बैठक मे निर्णयों का अनुमोदन करने के बैठक बुलाई गई थी। कुछ अधिकारी तथा कर्मी अपनी फाईलों के साथ हाल मे पहुंच चूके थे। जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा भी अपने कार्यालय में पहुंच चूकी थी। उनके साथ उनके समर्थक पार्षद तथा ब्लाक समिति सदस्य भी मौजूद थे। लेकिन विपक्ष का कोई पार्षद वहां पर नहीं पहुंचा। बैठक शुरू होने से दस मिनट पहले जिप की सीईओ डा किरण के कार्यवश बाहर होने के कारण बैठक स्थगित होने की सूचना जिप अध्यक्षा को दी गई। काबिलेगौर है कि जिप अध्यक्षा मनीषा रधावा जेजेपी समर्थक है। चुनाव के दौरान उनका मुकाबला भाजपा से था। उस दौरान जेजेपी-भाजपा के साथ गठबधन में सरकार चला रही थी। एक मत से मनीषा जिप अध्यक्षा निर्वाचित हुई थी। अब जेजेपी गठबंधन टूट चूका है। जबकि मनीषा रंधावा अध्यक्ष पद काबिज हैं।



जींद। बैठक में मौजूद पार्षद। फोटो :हरिभूमि

# लोन दिलाने का झांसा देकर लगाया 2.38 लाख का चूना

- खुद को बैंक मैनेजर बता सस्ते ब्याज दर पर लोन का झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सस्ते ब्याज पर लोन दिलाने को झासा देकर दो लाख 38 हजार हडपने पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजमेर बस्ती निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत वर्ष वह कार्यवश अंबाला गया हुआ था। जहां पर उसकी मुलाकात रोहणी निवासी विवेक गौतम से हुई। उसने बताया की दिल्ली बैक मे मैनेजर है। साथ उसने सस्ती ब्याज पर लोन दिलाने की बात कही। कुछ दिन के बाद विवेक गौतम का उसके व्हाटसअप पर फोन आया ओर गाडी बेचने बिकवाने के लिए कहा। जिसमे उसे कमीशन देने की बात भी कही। जब उसने रूपये न होने के बारे मे कहा तो उसने सस्ती ब्याज दर पर लोन दिलाने की बात कही। आठ लाख रूपये के लोन पर दो लाख 38 हजार कमीशन की माग की। दस्तावेज देने के बाद उसने दो लाख रूपये आरोपित के खाते मे भेज दिए।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा में कानून का राज खत्म: डॉ. सुशील

**जींद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा में फैले जंगल राज को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून का राज खत्म होकर जंगल राज स्थापित हो गया है। सरेआम गोलियां चलाने की वीडियो सामने आ रहे हैं। हरियाणा फिरौती बाजों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है।

### जींद: महिला और युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले मे अलग अलग स्थानों से युवती तथा महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव सच्चा खेडा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 25 जून को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं डिडवाडा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी पत्नि गत दिवस घर से गायब हो गई।

### एनसीसी कैडेट्स का ग्रुप डिस्कशन करवाया

**जींद।** 15 हरियाणा बटालियन द्वारा चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में चल रहे 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप के पांचवे दिन एनसीसी ट्रेनिंग के इलावा आज गेस्ट के रूप में आमंत्रित डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश पांचाल ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और उससे होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया।

### काले कपड़ो में पेंशन आक्रोश मार्च निकाला

**जींद।** ओपीएस बहाली के लिए पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने अपने प्रयास तेज कर दिए है जिसके लिए संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र धारीवाल की अध्यक्षता में जींद की बैरागी धर्मशाला में जिला स्तरीय ओपीएस सम्मेलन कर धर्मशाला से शहीदी स्मारक तक पेंशन आक्रोश मार्च निकाला। प्रदेश के कर्मचारी पिछले कई वर्षो् से ओपीएस बहाली की मांग कर रहे है इसको लेकर पेंशन बहाली संघर्ष समिति प्रदेश में कई बड़े आंदोलन कर चुकी है।

### रिश्तों से अपेक्षा रखना स्वार्थ नहीं : साध्वी

**उचाना।** तेरापंथ भवन में प्रवचन करते हुए साध्वी महिमा श्री ने कहा कि रिश्तों से अपेक्षा रखना स्वार्थ नहीं है बल्कि अपेक्षा के लिए रिश्ते रखना स्वार्थ है। हम अगर किसी से सिर्फ अपेक्षा के लिए, अपने फायदे के लिए रिश्ते रखते है तो ये खुद का स्वार्थ होता है। हम रिश्ते निस्वार्थ रखते है लेकिन उस रिश्ते से अपेक्षा रखते है तो ये स्वार्थ नहीं बल्कि ये आपका बड़पन होता है।

### दुष्यंत को मिले थे भाजपा के खिलाफ मत : बृजेंद्र

**उचाना।** हलके में जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व कांग्रेस नेता एवं सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा दुष्यंत चौटाला पर निशाना साधने के साथ विपक्ष के नेता बने राहुल गांधी को नायक बताया। प्रदेश में बढ़ रही आपराधिक वारदातों पर संज्ञान कम लेने पर सरकार पर निशाना साधा तो अमित शाह के हरियाणा दौरे पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

### एमसी के घर में घुसा दूषित पानी

**जींद।** सुभाष नगर निवासी एवं वार्ड नंबर 27 से पार्षद नीतिका कौशिक के घर गंदा पानी जमा होने की समस्या पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उसी समय जाकर पानी निकासी के आदेश दिए। विभाग के अधिकारियों ने तुरंत प्रभाव से मौके पर पहुंचकर समस्या का जायजा लिया।

### सब्जियों के बढ़े भावों से बिगड़ रहा है बजट

**उचाना ।** निरंतर बढ़ रहे सब्जियों, फलों के दाम से रसोई बजट बिगड़ गया है। सब्जियों, फलों के दामों में दोगुना तक वृद्धि हुई है। रसोई के बजट को निरंतर बढ़ रहे दामों ने बिगाडने का काम किया है। गृहणी बिमला, राजो, कमलेश ने कहा कि सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हो रही है। भिंडी, अरवी, गोभी, टिंडे सहित सभी सब्जियों के दामों के फलों के भाव भी बढ़ रहे है।

---

### गांव खेड़ी बुल्ला निवासी शकुंतला ने डीसी से लगाई गुहार, बेटे और बहू का हो चुका है देहांत

# अब पोते-पोतियों का लालन-पालन हो गया भारी

डीसी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सभी औपचारिकताएं पूरी करवाने व पेंशन बनवाने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समाधान शिविर में शुक्रवार को उस समय उपस्थित लोग भावुक हो गए जब अलग-अलग गांवों से आई एक महिला और एक बुजुर्ग ने अपनी समस्या डीसी के सामने रखी। गांव खेड़ी बुल्ला निवासी शकुंतला पत्नी माईराम ने डीसी को बताया कि उसके बेटे कुलदीप और उसकी पुत्रवधु अंजू का देहांत हो चुका है। अब उनके पास उनकी पौती सुजल और पौता कर्ण हैं, लेकिन उनके पास आय का कोई साधन नहीं है। इससे उनको अपने पौते और पौती के लालन-पालन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने डीसी से उनके अनाथ पौता व पौती की पेंशन बनवाने की मांगी की। इसी प्रकार से गांव हैबतपुर निवासी जोरा सिंह ने डीसी को बताया कि उनके बेटे वजीर का निधन हो चुका है और उनकी पुत्रवधु भी उनके पास नहीं है। उनका पौता यश और पौती पारूल उनके पास रह रहे हैं, लेकिन उनके परिवार में आमदनी का कोई साधन नहीं है। उन्होंने अपने पौता व पौती की पेंशन बनवाने की मांग की। डीसी ने इन दोनों ही मामलों में महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी को सभी औपचारिकताएं पूरी करवाने व पेंशन बनवाने के निर्देश दिए। शहर निवासी राकेश ने डीसी को बताया कि वह बोल पाने में असमर्थ है और उसकी दिव्यांग पेंशन बनवाई जाए। गांव पाथरी निवासी किरण देवी ने डीसी से उनकी पांच बेटियों को लाडली योजना का लाभ दिलवाने की मांग की, जिस पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने में किसी भी स्तर पर कोई ढ़िलाई न बरतें। लोगों के आवेदनों पर ठोस कार्रवाई करें। समाधान शिविर में कुल 230 शिकायतें आई, जिनमें 129 समस्याएं परिवार पहचान पत्र से संबंधित रही। डीसी ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उसी समय अधिकारियों को कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि जमीन की पैमाईश संबंधी या अवैध कब्जा हटवाने संबंधित मामलों में राजस्व या पंचायती राज विभाग द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण करने या निशानदेही जरूरी है। पेंशन, आधार कार्ड में नाम सही करवाने, आय दुरूस्त करवाने आदि समस्याओं का समाधान अतिशीघ्र किया जा रहा है। परिवार पहचान पत्र में आय को दुरूस्त करने के लिए आवेदन कर्त्ता से शपथ पत्र लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किसी प्रकार से परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

समाधान शिविर के दौरान हनुमान कॉलोनी के निवासियों ने उनके क्षेत्र में सीवरेज व पेयजल लाईन डलवाने की मांग की। डीसी ने उसी समय वहां पर मौजूद जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। गांव करेला निवासी एक व्यक्ति ने उनकी अनुसूचित जाति बस्ती में नाला अवरूद्ध होने के कारण पानी निकासी न होने की समस्या रखी। गांव डालमवाला के ग्रामीणों ने कब्रिस्तान की जमीन की निशानदेही करवाने व वहां से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की।



**जींद।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते डीसी।

### समाधान शिविर से नागरिकों को मिल रहा फायदा : फोगाट

**सफीदों।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लोगों को खूब लाभ मिल रहा है। शिविर में आने वाली विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर अधिकारी मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस बड़ी पहल को लेकर नागरिकों की काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और सरकार के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। एसडीएम मनीष फोगाट ने बताया कि समाधान शिविरों में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हैं। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में उपमंडल प्रशासन के पास 43 शिकायतें आईं। सभी शिकायतों पर एसडीएम द्वारा सुनवाई की गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समाधान करें हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा नियमित रूप से उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसे में शिकायतों के समाधान के लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को नंबर अलॉट किया जाता है व इसकी प्रॉपर तरीके से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। सभी विभागों द्वारा जिन शिकायतों का समाधान किया जाता है उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट मुख्यालय में तुरंत प्रेषित कि जाती है। समाधान शिविर में सफीदों के नायब तहसीलदार राजेश गर्ग, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अजय कटारिया, सिंचाई विभाग के एसडीओ विजेन्द्र बूरा, एसएचओ ईश्वर सिंह, एसईपीओ शकूर खान इत्यादि अधिकारी मौजूद रहे।



### जनसाधारण की समस्याओं का समाधान अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए : निखिल सिंगला

**नरवाना।** जनसाधारण की समस्याओं का समाधान अधिकारियों की सवाेर्च्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारियों का विशेष फोकस रहे कि अपने-अपने विभाग से संबंधित सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का पात्र व्यक्ति को लाभ मिलना लाजमी बने। यह निर्देश तहसीलदार निखिल सिंगला ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को दिए। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में तहसीलदार ने कहा कि रा'य सरकार अंतोदय कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में समाज के गरीब तबकों एवं आमजन के जीवन सत्र में सुधार के लिए लगातार कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। लिहाजा सभी अधिकारी सरकारी सुविधाओं एवं सेवाओं को पात्र व्यक्ति तक संजीदगी एवं ईमानदारी से पहुंचाने का प्रयास करें। तहसीलदार निखिल सिंगला ने बताया कि समाधान शिविर के प्रति लोगों का रुझान दिन- प्रतिदिन बढ़ रहा है। तहसीलदार के अनुसार शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में पिछले दिनों की अपेक्षा सबसे 'यादा यानी 75 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें सबसे 'यादा यानी 35 शिकायतें परिवार पहचान पत्र में आय से संबंधित व अन्य त्रुटियों को दूर करवाने के संबंध में मिली है। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित आठ आवेदन तथा प्रॉपर्टी आईडी के अंतर्गत तीन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के पांच, आयुष्मान कार्ड पांच, लाल डोरा तीन, गन्दे पानी की निकासी पांच व 10 शिकायतें विभिन्न प्रकार के मामलो से सम्बंधित प्राप्त हुए। तहसीलदार ने बताया कि शिविर में प्राप्त होने वाली राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, जमाबंदी, 100-100 गज के प्लॉट, इंतकाल, अवैध कब्जे वगैहरा से संबंधित समस्याओं का नियमानुसार समाधान करने के लिए अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए जा रहे हैं। समाधान शिविर में बीडीपीओ जितेंद्र कुमार,एसडीओ बिजली विभाग रामपाल दहिया, तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी, मनजीत सिंह जेई जन स्वास्थ्य विभाग, रविंद्र जेई नगर परिषद, सुमित लिपिक नगर परिषद, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यलय से लिपिक सोनिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



---

# शिविर में 400 लोगों के लिए सैंपल

- समाजसेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं : एसडीएम मनीष फोगाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

भारत विकास परिषद् सफीदों शाखा द्वारा संस्था के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश का जन्मदिन रक्त जांच शिविर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप शाखा अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा ने की। वहीं मुख्यातिथि के रूप में एसडीएम मनीष कुमार फोगाट ने शिरकत की। एसडीएम मनीष कुमार फोगाट ने रीबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में करीब 400 लोगों के जांच के लिए हिमोग्लोबिन, शुगर, कोलस्ट्रॉल व कैल्शियम के सैंपल लेकर उन्हे प्रयोगशाला भेजा गया। संस्था के अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा ने बताया कि संस्था के द्वारा निरंतर समाजसेवा के कार्य किए जाते हैं और उसी कड़ी में यह रक्त जांच शिविर लगाया गया है। अपने संबोधन में एसडीएम मनीष कुमार फोगाट ने कहा कि संस्था समाजसेवा के बेहतरीन कार्य कर रही है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। समाजसेवा के द्वारा हम किसी की मदद कर सकते हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय व धन समाजसेवा में अवश्य लगाना चाहिए। जसबीर मलिक, जितेन्द्र जैन, नसीम अख्तर, संजीव पुडीर, जगदीप कुमार मौजूद रहे।



मुख्यातिथि एसडीएम मनीष फोगाट का स्वागत करते संस्था के पदाधिकारीगण।

### संदीप ने केंद्रीय कृषि और पंचायत मंत्री से की मुलाकात

**जुलाना।** हलके के भाजपा नेता संदीप लोहान ने केंद्रीय कृषि मंत्री और पंचायत मंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात की और प्रदेश के किसानों की समस्याओं से अवगत करवाया। भाजपा नेता और प्रदेश के किसान उत्पादक समयंवक संदीप ने कहा कि प्रदेश में किसानों को जलभराव की समस्या से होकर गुजरना पड़ रहा है। जलभराव से हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो जाती है। जिसके चलते किसानों को आर्थिक संकट से होकर गुजरना पड़ रहा है। संद्दीप ने कहा कि जुलाना हलके की ड्रेनों की क्षमता बढ़ाई जाए और ड्रैन को पक्का करवाया जाए ताकि किसानों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। किसानों की फसल की एमएसपी बढ़ाई है। किसानों को पीएम किसान सम्मान नीधि के तहत मान सम्मान दिया जा रहा है। संदीप लोहान ने कहा कि अगर गांव में कोई भी सामुहिक काम में बाधा पैदा करता है तो वो इसकी शिकायत कर सकते हैं। भाजपा सरकार के चलते विकास कार्यों की कोई कमी नही रहने दी जाएगी।

# जींद एनसीआर से बाहर किया जाए: शर्मा

- गांव बुआना की ब्राह्मण चौपाल में कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा अध्यक्ष श्रीमती वृंदा शर्मा ने कहा कि जिला जीन्द एनसीआर में होने के कारण हमारे नौजवानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उनके सामने नौजवानों की रोजी रोटी को खतरा पैदा हो गया है। वह शुक्रवार को गांव बुआना की ब्राह्मण चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। जिसमें काफी संख्या में महिला व पुरूष शामिल हुए। कहा कि हमारे ऑटोचालकों, किसान भाईयों जो ट्रैक्टर रखते है तथा निजी वाहन वाले व्यक्तियों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है क्योंकि डीजल से चलने वाले वाहन को दस वर्ष बाद कबाड़ में बेचना पड़ता है। वृंदा शर्मा ने कहा कि आज जिला जीन्द के नौजवानों ने ठान लिया है कि जीन्द को एनसीआर से बाहर निकलवा कर ही दम लेगें। कहा कि ईंट भट्टे चलाने वाले भाईयों को इस कारण अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा कि इसके साथ-साथ जीन्द को औद्योगिक व पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने व चिड़ियाघर के निर्माण आदि बिंदुओ पर प्रकाश डाला। पंडित रघुनाथ, नन्हाराम, राजबीर, मेजर मंगल शर्मा, श्रीमती सरोज देवी, श्रीमती कृष्णा, श्रीमती प्रेमो देवी मौजूद रही।



**जींद।** गांव बुआना में कार्यक्रम को संबोधित करते वृंदा शर्मा।



**उचाना।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी

### क्षेत्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**उचाना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में 53वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। तीरंदाजी प्रतियोगिता में गुरुग्राम संभाग के विभिन्न स्कूलों जिनमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन के अलावा केवी रघुनाथपुरा, केवी हिसार कैंट, केवी सिरसा, केवी फरीदाबाद क्रमांक नंबर 2 एवं 3 से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने कहा कि खेलों से भी हम अपने क्षेत्र, माता-पिता का नाम रोशन कर सकते है। इस तरह की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे आने के अवसर मिलते है। हर खिलाड़ी जीते ये नहीं हो सकता लेकिन जीत के लिए मेहनत करना जरूरी है। जीवन में जीत से कभी नहीं सीखा जा सकता बल्कि हार से हम सीख सकते है। हार हमें सीखाने आती है। जीतने के बाद कभी भी आत्मविश्वास में नहीं रहना चाहिए बल्कि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत निरंतर करनी चाहिए। इस मौके पर विद्या स्पोर्ट्स एकेडमी नरवाना से जितेंद्र, प्रवीण मलिक को आमंत्रित किया गया। विद्यालय स्तर पर मंच संचालन का कार्य प्रतीक टीजीटी शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षक द्वारा किया गया।

# भारतीय कला में जीवन का दर्शन : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोल एंड स्पीरिट आर्ट सोसायटी हरियाणा ने आज कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे टाबर उत्सव में प्रतिभाशाली बच्चों को स्मृति चिन्ह और हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा दी गई सामग्री देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौहान वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्कार भारती जींद के अध्यक्ष, सोल एंड स्पीरिट आर्ट के अध्यक्ष दीपक कौशिक, मुख्य वक्ता इंद्रजीत वशिष्ठ सोल एंड स्पीरिट आर्ट सोसायटी के वरिष्ठ सलाहकार, सहसचिव सुमित कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। पिछले करीब 1 महीने से बच्चों की कला को निखारने का काम कर रहे दीपक कौशिक और सुमित कुमार ने बताया कि इस टाबर उत्सव में कम से कम आधा दर्जन बच्चों ने अपनी मेहनत और कला से सभी का मन मोहने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जींद में बच्चों ने कला के प्रति जो रुचि दिखाई है वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। हर रोज सुबह आठ बजे से लेकर 12 बजे तक बच्चे बिना मोबाइल के केवल कला में ध्यान देने का काम कर रहे थे। दोनों शिक्षकों ने कहा कि इन 30 दिनों में बच्चों ने ऐसी कलाकृतियां बनाई हैं जो शायद आर्ट कॉलेज में दूसरे वर्ष के छात्र भी नहीं बना सकें।




सोल एंड स्पीरिट आर्ट सोसायटी द्वारा सम्मानित बच्चे मुख्य अतिथि के साथ।



**सफीदों।** कार्यक्रम में मौजूद सेवानिवृत कर्मचारी नसरुद्दीन व अन्य।

# जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नसरुद्दीन सेवानिवृत्त

**सफीदों।** जन स्वास्थ्य विभाग में पंप आप्रेटर पद पर कार्यरत्त कर्मचारी नसरुद्दीन सेवानिवृत हो गए। इस मौके आयोजित कार्यक्रम में उपमंडल अभियंता भूपेंद्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता सागर, एसडीसी नवीन नेहरा व जयवीर मलिक तथा ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के प्रधान जितेंद्र भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों व कर्मचारियों ने कर्मचारी नसरुद्दीन को नकद ईनाम, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। अपने संबोधन में उपमंडल अभियंता भूपेंद्र सिंह व यूनियन के प्रधान जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि कर्मचारी नसरुद्दीन ने अपनी ड्यूटी बड़ी ईमानदारी से निभाई। सभी कर्मचारियों को नसरुद्दीन से सीख लेते अपनी ड्यूटी ईमानदारीपूर्वक करनी चाहिए।

### महिला मिशन शक्ति अभियान में जागरूकता शिविर का आयोजन

# सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्ग दर्शन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए निजी संस्थान में डिजिटल लिटरेसी एवं हैल्थ हायजनिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें विभिन्न गांव की महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर सीडीपीओ रामरती व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहा। शिविर की अध्यक्षता करते हुए सीडीपीओ कांता यादव ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि माहवारी एक लड़की के शरीर में होने वाली सामान्य स्थिति है और किशोरावस्था में प्रत्येक लड़की इसका अनुभव करती है। महावारी 10 साल से 19 साल तक की उम्र में शुरू होकर 40 -45 साल की उम्र में तक रहती है। यह प्रक्रिया हर 28-30 दिनों के बीच होती है। यह बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में भी हो रहे हामाऱ्न बदलाव और विकास का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा अपनी छोटी बच्चियों को भी इसके बारे मे जागरूक करते हुए बताना चाहिए कि महावारी में सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए ।



**जींद।** मिशन शक्ति अभियान में भाग लेती महिलाएं व अधिकारी।

### मासिक धर्म स्वच्छ स्वस्थ समाज के लिए आइना

सिविल अस्पताल की महिला विशेषज्ञ डॉ पुष्पा जागलान ने मासिक धर्म के दौरान रखी जाने वाली साफ-सफाई का उद्देश्य समझाते हुए कहा कि लड़कियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता संबंधी जरूरी जानकारी होनी चाहिए, जिससे वे अंजाने में किसी जानलेवा बीमारी की चपेट में ना आ जाएं। उन्होंने कहा कि किशोर लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाई रखी जानी चाहिए। कई बार मासिक धर्म के दौरान लड़कियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए हमें समझना चाहिए कि मासिक धर्म स्वच्छ स्वस्थ समाज के लिए आईना है। इसलिए हमें कभी भी घबराना नहीं चाहिए, सभी किशोर लड़कियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जैसे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी होनी चाहिए।



**उचाना।** धूम्रपान करने वाले को जागरुक करने लिए बनाई गई टीम।

### धूम्रपान के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

**उचाना।** स्वास्थ्य विभाग उचाना द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों को किया सचेत। डॉक्टर सुशील गर्ग एसएमओ उचाना द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर चालान के लिए टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा पुलिस बल थाना उचाना के साथ सार्वजनिक स्थानों बस स्टैंड उचाना, थाना उचाना, तहसील परिसर उचाना के प्रांगण में छापामारी की गई। धूम्रपान करने वालों के चालान काटे गए। ग्रुप मीटिंग करके लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करने बारे जागरूक किया। धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव बारे जानकारी दी गई। टीम में डॉ. योगेश, स्वास्थ्य निरीक्षक जगबीर सिंह, सत्यवान वर्मा, सिपाही जोगेंद्र, सिपाही राजेंद्र मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## अनाज मंडी में 10 रुपये में करवाते हैं भोजनः बसाऊ

**कैथल।** मार्केट कमेटी के सचिव बसाऊ राम ने बताया कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मार्ग दर्शन में कैथल अनाज मंडी में मार्केट कमेटी द्वारा अटल किसान मजदूर कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। इस कैंटीन में दोपहर का भोजन मात्र 10 रुपये प्रति थाली उपलब्ध करवाया जाता है। कैंटीन को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा चलाया जाता है। सब्सिडी राशि रुपये 15 रुपये प्रति थाली का वहन हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड / मार्किट कमेटी द्वारा वहन किया जाता है।

## पेड़-पौधे के बिना जीवन मुश्किल : निधान सिंह

**गुहला-चीका।** उपमण्डल के गांव रताखेड़ा लुक्मान मे सेवा दार निधान सिंह व नेकी का घर संस्था द्वारा लगभग एक दर्जन के करीब फलदार व छायादार पौधे लगाएंगे। सेवा दार निधान सिंह ने कहा की पेड़ पौधे हमारी जिन्दगी का एक बहुत बड़ा हिस्सा है पेड़ पौधे के बिना इंसान का जिना बहुत ही मुश्किल है इस लिए हमें हमेशा पेड़ पौधे लगाने चाहिए। सेवा दार ने बताया की आज हमनें नेकी का घर संस्था के सहयोग से एक दर्जन के करीब फल व छायादार पौधे पीर बाबा लख दाता के स्थान पर लगाऐं है।

### सी.जया श्रद्धा ने बैठक में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए

# सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से संपन्न करें : एडीसी

### सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वालों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एडीसी सी.जया श्रद्धा अधिकारियों की बैठक लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि सड़क सुरक्षा इंसान की जिंदगी से जुड़ा मुद्दा है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस विभाग यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चालानिंग के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, एमसी और पंचायत विभाग के अधिकारियों को भी बेसहारा पशुओं पर रिफ्लैक्टर लगाने के निर्देश दिए।

एडीसी सी.जया श्रद्धा लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा विषय पर अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दे रही थी। एडीसी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जो विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर दिए गए बिंदूओं पर कार्य पूरा कर देता है तो उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट समयबद्ध देना सुनिश्चित करें। जितने भी क्षेत्र के अधिकारी हैं वे सभी जिला में दुर्घटना संभावित क्षेत्र, गड्ढे आदि की जानकारी दें, ताकि समस्या को दूर किया जा सके। सड़क सुरक्षा का कार्य लगातार चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी विभागीय तालमेल के साथ कार्य करें, ताकि दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके। पुलिस विभाग ट्रैफिक व्यवस्था व ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जहां पर दुर्घटना की संभावना है।

एडीसी सी.जया श्रद्धा ने बताया कि वर्ष 2023 में 299 सड़क हादसे हुए, जिसमें 154 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि इस वर्ष मई महीनें तक 124 हादसे हुए, जिसमें 61 लोगों की मृत्यु हुई। वहीं चालानिंग की बात करें तो मई माह में पुलिस विभाग द्वारा 674 चालान किए गए, जिसमें करीब 12 लाख 87 हजार 800 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसी प्रकार आरटीए विभाग द्वारा 69 चालान किए गए, जिसमें 25 लाख 14 हजार 800 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। सुरक्षित वाहन पोलिसी के तहत 5 मई से 21 जून तक 550 बसों को चैक किया गया, जिसमें 175 वाहन नियमों को पूरा नहीं करते हुए पाए गए। इसको लेकर संबंधित स्कूल को नोटिस जारी किया गया।

बैठक में कुल 15 एजैंडे रखे गए, 4 पूरे हुए तथा अन्य 11 को लेकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। सैक्टर-18 चौक पर लगे पेड़ों पर रिफ्लैक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को बस स्टैंड के गेट के सामने रेहड़ियों व ऑटों आदि को हटवाना सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि टयोंठा से संगरौली रोड पर हुए गड्ढे को जल्द भरा जाए। देवबन से सौंगल रोड पर कर्व साईन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, सत्यवान सिंह मान, आरटीए गिरिश चावला, डीएसपी उमेद सिंह, सीएमओ रेणु चावला के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बंद करवाया एक्सप्रेस हाई-वे सड़क निर्माण एजेंसी का प्लांट



**कलायत।** कलायत के गांव चौशा ला स्थित एक्सप्रेस हाई-वे एजेंसी के प्लांट में विरोध दर्ज करवाने पहुंचे ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि।*

- टूटी सड़कों का समाधान न करने पर प्लांट पर अनिश्चितकालीन धरना देने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ कलायत

कलायत क्षेत्र की सडकों पर काफी समय से सरपट दौड़ रहे ओवर लोडिड मिट्टी डंपरों के खिलाफ आखिरकार चौशाला गांव के लोगों ने खुद कार्यवाही की बागडोर संभाल ली। इस मामले को लेकर पहले गांव में बड़े-बुजुर्ग और युवा की बैठक हुई। इसमें बुरी तरह से टूटी सडकों, सडक सुरक्षा नियमों की अवहेलना, ड्रूषसचाई संसाधनों, गलियों और अन्य स्तर पर सरकारी-निजी संपत्ति को पहुंच रहे नुकसान के लिए ग्रामीणों ने डंपर संचालकों को जिम्मेवार ठहराया।

उपरांत बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर दिल्ली-अमृतसर कटरा एक्सप्रेस हाई-वे निर्माण कार्य के लिए गांव में लगाए गए परियोजना निर्माण प्लांट को बंद करवा दिया। उनका कहना था कि जब तक ओवर लोडिड मिट्टी व सडक निर्माण सामग्री डंपरों पर रोक नहीं लगाई जाती उनका विरोध जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि निजी कंपनी द्वारा एक्सप्रेस हाई-वे निर्माण की आड़ में इलाके में अव्यवस्था का माहौल बनाया गया है। चौशाला गांव सहित इलाके में अकेले लोक निर्माण विभाग को ओवर लोडिड डंपरों के कारण 26 करोड़ से अधिक का नुकसान मुख्य व संपर्क मार्ग टूटने से हुआ है। जबकि आम जन को इससे जो क्षति हो रही है उसका कोई आंकलन नहीं किया जा सकता। हालात इस कदर खराब हैं कि सडकें कच्चे रास्ते में तबदील हो चुकी हैं। सिंचाई संसाधनों की पटरी, पुल और वन विभाग की संपदा तहस-नहस है। दिन-रात सडकों पर दौड़ने वाले डंपरों के कारण बुजुर्गों और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल है। हैरानी का विषय है कि बावजूद इसके सिंचाई और वन विभाग मूक दर्शक बनकर नुकसान को देख रहा है।

# भारत विकास परिषद के संस्थापक की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



**पूंडरी।** भाविप के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश की जयंती कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर-पूंडरी की मासिक महिला बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें 10 महिला सदस्यों ने भाग लिया। बैठक अंजलि बंसल के निवास पर हुई। जिसमें जुलाई महीने भर होने वाले कार्यक्र1म के बारे में चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत डा. सूरज प्रकाश की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर की गई। आज से 62 साल पहले डा. सूरज प्रकाश ने भारत विकास परिषद की परिकल्पना की थी। दिल्ली की एक शाखा से शुरू हुआ सफर आज देश भर में 1700 से अधिक शाखाएं और 75 हजार परिवार जुड़े हैं। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने बताया कि भारत विकास परिषद के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश की जयंती 27 जून को थी, संस्था इसे सेवा पखवाड़े के रूप में 10 जुलाई तक अपनी स्थापना दिवस तक मनाएगी। भाविप 5 सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण के परस्पर विरोधी कार्य करता है। वंचित वर्ग के लिए सेवा का भाव उत्पन्न करते हैं।

# हलके के सभी गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे पौधेः जांबा

- अभियान के माध्यम से पूरे हलके के गांवों में लगाएंगे 25 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** पौधरोपण अभियान की शुरुआत करते स्वच्छ भारत मिशन के जिला संयोजक सतपाल जांबा। *फोटो :हरिभूमि*

हलके के सभी 54 गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सुर्खियों में आए स्वच्छ भारत मिशन के जिला संयोजक भाजपा नेता सतपाल जांबा पूरे हलके में लगाएंगे 25 हजार पौधे और पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने का चलाएंगे अभियान। सतपाल जांबा ने ग्लोबलाइजेशन, तापमान, लू, गर्मी के बढ़ते प्रकोप और वृक्षों की घटती संख्या को लेकर संकल्प लिया है कि अब हलके के सभी गांवो में सार्वजनिक स्थानों पर विशेष पौधारोपण अभियान चलाकर पौधे लगाएंगे और उनकी तब तक देखभाल करेंगे, जब तक वे पुरी तरह विकसित नहीं हो जाते है। इस अभियान का शुभारंभ उन्होंने अपने गांव जांबा से कर दिया है। अब सभी गांवों में मंदिर, गुरुद्वारा, श्मशान घाट, चौपाल, बस स्टैंड, जोहड़ किनारे या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। शुक्रवार को उन्होंने पूंडरी की गुरु ब्रह्मानंद बणी आश्रम के परिसर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी अपनी टीम के साथ पौधा रोपण किया। जांबा की इस पहले की सभी सराहना कर रहे है और उनका यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्लोबल वामिंग और वनस्पति संरक्षण की मुख्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए उपयुक्त है। उन्होंने हल्के के युवाओं व सामाजिक-धार्मिक संगठनों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया है।

# गुहला को विकास में बनाएंगे प्रदेश का नंबर वन हलका : ईश्वर सिंह



**गुहला चीका।** बलबेहड़ा में कम्यूनिटी सेंटर का शिलान्यास करते हुए विधायक ईश्वर सिंह। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने आज यहां कहा कि गुहला को विकास की दृष्टि से हरियाणा का नम्बर वन हलका बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गुहला में विकास का पहिया रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे 1977 में पहली बार विधायक बने थे, तो उन्होंने उसी समय यह ठान लिया था कि वे मरते दम तक गुहला का विकास करवाते रहेंगे और वे इस पर अडिग भी हैं। उन्होंने बताया कि बतौर राज्यसभा सांसद उन्होंने सांसद कोटे की अधिकतर ग्रांट गुहला में ही बांटी ताकि गुहला के लोगों ने उन्हें राजनीति में लगातार 48 साल तक जिंदा रखा और वर्तमान में भी वे गुहला हलके का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, तो ऐसे में उनका भी फर्ज बनता है कि वे लोगों का कर्ज ब्याज सहित उतार सकूं। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने करोड़ों रुपयों की लागत से चीका पटियाला स्टेट हाई वे पर 6 बेज के आधुनिक बस स्टेंड का शिलान्यास किया था, जिस पर निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है।

## बकाया राशि निकाले जाने से लोगो में रोष

**गुहला-चीका।** यहां के हुड्डा विभाग ने रिहायशी कालोनी एक व दो में रहने वाले लोगें पर कंस्ट्रक्शन फीस के नाम पर हुड्डा अधिकारी प्लाट धारक के नाम लाखों रुपयों की बकाया राशि निकाल दी है, जिससे लोगों में हडकंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन प्लाटों की बकाया राशि मांगी जा रही है उनमें से अधिकतर प्लाट ना केवल बने हुए हैं अलबत्ता कई कई बार बिक भी चुके हैं। जानकारी के अनुसार वर्षों पहले जिस समय चीका मंडी आबाद हुई थी, तो उस समय हुड्डा का कहीं भी नामोनिशान नहीं था और लोगों को प्लाट बेचने का अधिकार मंडी टाउनशिप के पास था परंतु बाद में कुछ वर्षों बाद हुड्डा के अस्तित्व में आने के बाद यह जिम्मोवारी हुड्डा के पास चली गई परंतु करीब दो वर्ष पहले खट्टर सरकार ने हुड्डा से यह जिम्मेवारी वापिस लेकर नगरपालिका को दे दी और इस दौरान भी लोगों ने अपने मकानों के निर्माण के साथ-साथ खरीद फरोख्त भी की।

# नप ने 32 लाख की राशि से कोठी गेट पर बनाया श्रीमद्भागवत द्वार

- महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज और नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




**कैथल।** का भगवत गीता द्वार व महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का स्वागत करती नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग। *फोटो :हरिभूमि*

नगर परिषद भवन के पास स्थित कोठी गेट पर श्रीमद्भागवत द्वार बनकर तैयार हो गया है। इस कार्य को पूरा करने के लिए नप ने 32 लाख खर्च किए हैं। वीरवार देर शाम को श्रीमद्भागवत द्वार का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज और नप अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने किया। गौरतलब है कि नप की ओर से इस गेट का निर्माण पिछले साल अक्टूबर में शुरू किया गया था, जो लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरा हो गया था, लेकिन आदर्श आचार संहिता लगने के कारण इसका उद्घाटन नहीं हो पाया था। अब लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद इसका उद्घाटन किया गया है। स्वामी महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि कैथल की पावन भूमि कुरुक्षेत्र की 48 कोस की पावन धरती पर आती है और अब यह गीता द्वार अपने आप एक पहचान और धरोहर है। महाराज ने कहा कि नगर परिषद की ओर से भव्य द्वार का निर्माण होने किए जाने के बाद यह गेट शहर की शोभा को बढ़ाएगा।



**राजौंद।** गांव कोटड़ा में आयुष केद्र की रिपेयरिंग में लगे मिस्त्री व मजदूर।

## गांव कोटडा के आयुष केंद्र में रिपेयर का कार्य शुरू

राजौंद। खंड के गांव कोटडा में खबर का असर देखने को मिला। पिछले दिनों समाचार पत्रों में गांव कोटडा में स्थित आयुष केंद्र की जर्जर बिल्डिंग की खबर समाचारों में प्राथमिकता के आधार पर छापी गई थी। खंडहर होने की खबर पिछले दिनों समाचार पत्रों में छपने से संबंधित विभाग हरकत में आया और आयुष केंद्र में रिपेयर का कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि गांव कोटड़ा में स्थित आयुष केंद्र की जर्जर बिल्डिंग में किस समय छत से पत्थर गिरने शुरू हो जाएं इसका कोई अंदाजा ही नहीं था और छत के लेटर के सरिया भी निकले हुए थे। बरसात आने पर छत से पानी टपकता था और कर्मचारी यहां मौत के साए में कार्य कर रहे थे। यह स्थिति पिछले लंबे समय से बनी हुई थी। इससे यह बिल्डिंग खतरा बनकर कर्मचारियों पर मंडरा रही थी। इसका रिपेयर होने पर कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली है।

# विश्व में प्रति वर्ष तंबाकू के सेवन से अस्सी लाख मौतः डॉ. अशोक

- 432 विद्यार्थियों ने जागरूकता कार्यक्रम में नशे से दूर रहने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एसआई डा. अशोक कुमार विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय 83 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 432 विद्यार्थयों ने भाग लिया। कार्यक्रम संस्थान के प्रभारी सतबीर सिंह और अशोक राणा की अध्यक्षता में हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने के लिए चर्चा करते कहा कि एक और जहां प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए घातक है वहीं दूसरी और तम्बाकू उत्पाद और मदिरा आदि भी समाज और राष्ट्र के लिए एक बुराई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते कहा कि पूरे संसार में एक वर्ष में औसतन 80 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से मरते हैं जबकि भारत में औसतन प्रतिवर्ष 19 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है। मदिरा अर्थात शराब के नशे में व्यक्ति अपराध करता है।

### नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा प्रशिक्षण

# ग्रामीण क्षेत्र में तैनात कर्मियों को दी टेक्निकल ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** गांव कौल में उपमंडल अभियंता जगदीश कुमार कर्मचारियों को टेक्निकल ट्रेनिंग देते हुए।

नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात कर्मचारियों को आधुनिक उपकरण तकनीकों से अवगत करवाया जा रहा है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पहला बेच का प्रशिक्षण 28 मार्च से शुरू हुआ था, जो 2 जुलाई 2024 को संपन्न होगा। इस बैच में 30 कर्मचारियों को शामिल किया गया है। 28 मार्च से 29 मई तक चयनित कर्मचारियों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में प्रशिक्षण दिया गया। 30 मई से 2 जुलाई तक इन कर्मचारियों को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल द्वारा ओन जॉब ट्रेनिंग दी जा रही है। शुक्रवार को ओन जॉब ट्रेनिंग के तहत चयनित कर्मचारियों को ढांड खंड के गांव कौल में टेक्निकल ट्रेनिंग दी गई। उपमंडल अभियंता जगदीश कुमार ने कर्मचारियों को टेक्निकल ट्रेनिंग देते पेयजल पाइपों के प्रकार, रेत, सीमेंट, बजरी, ईट के बारे में तकनीकी जानकारी दी। कैसे लीकेज को दूर करते हैं, कैसे जॉइंट लगते हैं। गांव कौल में महाग्राम योजना के तहत सीवरेज प्रणाली के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। टेक्निकल इंचार्ज, कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार जो 30 मई से लगातार इन कर्मचारियों को टेक्निकल ट्रेनिंग दे रहे हैं। सुनील कुमार ने चयनित कर्मचारियों को पेयजल मोटर कैसे काम करती है, पेयजल मोटर को चलाते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए, पेयजल आपूर्ति का पानी का सैंपल कैसे लेना है, नहरी जलापूर्ति कैसे काम करती है, वॉटर मीटर कैसे लगाते हैं इत्यादि के बारे में विस्तृत ट्रेनिंग दी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि नल जल मित्र कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों के स्थानीय व्यक्तियों को कौशल-आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना, उन्हें कौशल के व्यापक सेट से लैस करना और /"नल जल मित्र/" विकसित करना है, ताकि वे योजना संचालकों के रूप में कार्य कर सकें और अपने गांव में पाइप जलापूर्ति योजना के निवारक रखरखाव सहित छोटी-मोटी मरम्मत और रखरखाव कर सकें। पाठ्यक्रम को प्रशिक्षुओं को एक अच्छी तरह से गोल शिक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो पूरे भारत में बड़ी संख्या में सॉफ्ट और तकनीकी कौशल को शामिल करता है, जो उन्हें हस्तक्षेप के क्षेत्रों में इन सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से एक स्थायी आय प्रदान करेगा।



**कैथल।** जिमखाना क्लब के स्वीमिंग पुल में मौज मस्ती करते बच्चे ।

## जिमखाना क्लब में स्वीमिंग पुल का शुभारंभ

**कैथल।** कैथल के सेक्टर 21 स्थित जिमखाना क्लब में स्विमिंग पुल की शुरूआत हो चुकी है। हरियाणा शहरी विकास परिषद द्वारा संचालित जिमखाना क्लब के महाप्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि स्विमिंग पुल रिनोवेट करवाया गया है। यहां अच्छे कोस व स्टाफ को तैनात किया गया है। इसके साथ की बच्चों में महिलाओं के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए अलग से छोटा पुल बनाया गया है। स्विमिंग पूल सुबह 6:00 बजे से लेकर रात को 9:00 बजे तक खुला रहेगा। इसमें क्रिस्टल वाटर उपलब्ध होगा। प्रतिदिन पानी का टेस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर का कोई भी व्यक्ति या बच्चा आकर यहां पर तैराकी सीख सकता है।

## चेक बाउंस मामलों में 2 अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** चेक बाउंस के मामले पीओ पकड़ा स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई सतीश कुमार द्वारा आरोपी गांव सिणंद निवासी वेद प्रकाश को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2019 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 19 मार्च 2024 को पीओ घोषित किया गया था।

**NOTICE**

I, Satish Kumar s/o Ramkumar r/o Narwana Distt. Jind Haryana declare that My daughter's name is Isha (D.O.B. 17-03-2008) and her mother's name is Raj Rani. But in her 10th DMC CISCE Board, New Delhi Roll No. 1246150/048 her name is wrongly mentioned as Isha Mor. Kindly enter her correct name Isha in her (Pass Certificate, Statement of Marks).

**खबर संक्षेप**



जींद। बस को हरी झंडी दिखाते बलजीत सिंह रेढू। फोटो : हरिभूमि

## बुजुर्गों को लेकर बस हरिद्वार रवाना

**जींद।** बस को हरी झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना करते हुए बलजीत रेढू ने कहा कि सौ दिनों में 11000 लोगों को गंगा स्नान करवाने का प्रण लेने की ताकत उन्हें गंगा मैया से ही मिली है। समाजसेवा उनके लिए सबसे पहले है। इसके अलावा भी वह दूसरे धार्मिक स्थलों की मुफ्त यात्रा करवाते रहेंगे। ग्रामीणों ने बलजीत रेढू का उनकी समाजसेवा के लिए आभार जताया।

## जरूरतमंदो को नहीं मिल आवास योजना का लाभ

**राजौंद।** महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सिकरी ने गांव किठाना में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान बताया कि जब वह गांव में कांग्रेस पार्टी के घर.घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान कुछ जरूरतमंद परिवारों से मिली तो उन्होंने अपने मकानों की हालत दिखाई और बताया कि इस सरकार में हम खस्ता हाल हुए मकानों में रहने को मजबूर है। हमें पिछले लगभग एक दशक से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित रखा गया है।

## सुरेश का जल्द होगा अभिनंदन समारोह

**पूंडरी।** जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य कांग्रेस पिछड़ा वर्ग हलका प्रधान प्रेम धीमान ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस की सब कमेटी में सुरेश रोड़ को सदस्य मनोनीत करने पर पूंडरी हलके के सभी समाज में खुशी की लहर है, क्योंकि सुरेश रोड़ पूंडरी हल्के से एकमात्र कांग्रेस वरिष्ठ नेता जोकि हरियाणा प्रदेश में तमाम जनहित, सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर जबरदस्त तरीके से आगे बढ़ रही है।

## अध्यापकों ने सीखे स्कूल लीडरशिप के गुर

**सीवन।** सीवन के पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में प्रशिक्षण के दूसरे दिन अध्यापकों को स्कूल लीडरशिप के गुर सिखाए गए। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एस.सी.आर.टी. गुरुग्राम द्वारा तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का पूरे रा'य के पी.एम. श्री स्कूलों के स्टाफ को प्रशिक्षण देने हेतु प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक सीधा प्रसारण किया जा रहा है।

## कन्या कॉलेज में गर्ल्स कॉमन रूम का शुभारंभ

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में गर्ल्स कन्या कोमन रूम का शुभारंभ कालेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक तेजबीर सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्या डा. मधुबाला ने बताया कि छात्राओं की लंबे समय से मांग थी कि कालेज में कोमन रूम हो, ताकि खाली समय में छात्राएं इस रूम का प्रयोग कर सकें। इस दौरान कॉलेज के शिक्षक मौजूद रहे।

# जन स्वास्थ्य विभाग में पेयजल प्रबंधन व सीवरेज प्रणाली में कोताही बरतने वाले अधिकारियों की खैर नहीं

- जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के रुख में सरकार और शीर्ष अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

जिला कैथल जन स्वास्थ्य विभाग सर्कल कार्यालय सभी मंडल और उप मंडलों में पेयजल प्रबंधन और सीवरेज प्रणाली में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी होगी। प्रदेश सरकार के साथ-साथ विभाग के राज्य मुख्यालय ने मंडल और उप मंडल अनुसार पेयजल प्रबंधन, रख रखाव और निर्माण योजनाओं के माध्यम से खर्च राशि का क्रमवार विवरण तैयार करते हुए धरातल से रिपोर्ट मांगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम ट्विटर के साथ-साथ अन्य माध्यमों से सरकार के पास कार्य में कोताही करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की शिकायत पहुंची है। इसके चलते अधीक्षक अभियंता अशोक खंडूजा पूरी व्यवस्था को कसौटी पर जांचने परखते हुए विवरण तैयार करने में लगे हैं। इसके चलते नियम अनुरूप कार्य न करने वाले अधिकारियों और एजेंसियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यही वजह है कि जन स्वास्थ्य विभाग में भारी हडकंप है और हर कोई अपना-अपना रिकार्ड दुरुस्त करने में जुटा है। दीगर है कि पिछले कुछ समय से कलायत विधानसभा के साथ-साथ अन्य मंडल-उप मंडलों में पेयजल प्रबंधन व सीवरेज व्यवस्था में चूक के मामले बेहद चर्चा में हैं। सरकार की आन लाइन नीति की बजाए कुटेशन व अन्य जरियों से हो रहे फजीर्वाड़ा की जांच की मांग मुख्य रूप से उठती रही है। इस कड़ी में अब कलायत में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा तालाबों के संरक्षण को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण आदेशों के बाद भी प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर तट पर स्थित धरणीधर तालाब में सीवरेज का गंदा पानी छोड़ने का मुद्दा रंग पकड़ गया है। सजूमा रोड पर टूटे मैन हाल के कारण गंदा पानी तालाब में घुस रहा है। इसके अलावा नगर खेड़ा और अन्य हिस्सों में मैन हाल बदहाल स्थिति में हैं। बलदेव, महेंद्र, राकेश, पवन राणा, रामकुमार राणा और मामू राम ने बताया की सीवरेज मैन हालों के ओवरफ्लो होने से व्यवस्था होचपोच है। हालात इस कदर खराब हैं कि सीवरेज का पानी ट्रिटमेंट प्लांट में जाने की बजाए तालाबों में घुस रहा है।



कलायत। सीवरेज मैन हाल से तालाब में घुस रहे गंदे पानी को दिखाते बलदेव राणा। फोटो : हरिभूमि

### पेयजल प्रबंधन व सीवरेज प्रणाली में चूक करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : खंडूजा

कैथल जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता अशोक खंडूजा ने कहा कि किसी भी स्तर पर पेयजल प्रबंधन व सीवरेज कार्य में चूक सहन नहीं की जाएगी। अधिकारियों-कर्मचारियों को अपनी नियमित उपस्थिति और गतिशीलता कायम रखते हुए जनहित से जुड़ी समस्याओं के निवारण के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ट्विटर की शिकायत और आरटीआई से मांगी गई जानकारी आवेदक तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों से रिपोर्ट-विवरण लिया जाएगा। विभाग का ध्येय हर नल तक स्वच्छ जल पहुंचाना और सीवरेज प्रणाली को प्रभावी रखना है।

### इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में सबसे ज्यादा मेरिट लिस्ट पहुंची

# आईटीआई दाखिलों की पहली मेरिट लिस्ट जारी

**कंप्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट में उच्चतम मेरिट लिस्ट 105**

**25 ट्रेडों में 872 सीटों पर पहली मेरिट लिस्ट में 665 विद्यार्थियों ने स्थान पाया**

**राजकीय आईटीआई में 5244 सीटों पर 20 हजार से अधिक आवेदन आए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

आईटीआई में दाखिले के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आया है, उन विद्यार्थियों को आईटीआई में आकर दो जुलाई तक दस्तावेजों की जांच करवानी होगी और विद्यार्थी तीन जुलाई तक अपनी फीस भर सकेंगे। निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान जिलेभर की 25 निजी व राजकीय आईटीआई में 5244 सीटों पर 20 हजार से अधिक आवेदन आए थे। ऐसे में मेरिट लिस्ट भी ऊंची रही है। कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई के प्राचार्य अनिल कुमार गोयल ने कहा कि आईटीआई में इलेक्ट्रिशयन ट्रेड में उच्चतम मेरिट लिस्ट 110 प्रतिशत, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट में उच्चतम मेरिट लिस्ट 105, फीटर में 100, स्टेनो हिंदी में 105, रेफ्रिजरेटर एवं एसी तकनीशियन में 102.8, स्टेनो इंग्लिश में 105, मैकेनिक मोटर व्हीकल में 104, इक्लोक्ट्रोनिक मैकेनिक में 110, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 100, पेंटर जनरल में 100, मैकेनिकट डीजल डयूल व स्यूइंग टेक्नोलॉजी में उच्चतम मेरिट लिस्ट 105 प्रतिशत तक रही। राजकीय आईटीआई में विभिन्न 25 ट्रेड में निर्धारित 872 सीटों पर पहली मेरिट लिस्ट में 665 विद्यार्थियों ने स्थान पाया है। इसके बाद दूसरे राउंड के लिए खाली सीटों की लिस्ट चार जुलाई को जारी होगी। रिवीजन ऑफ ऑप्शन/ प्रिफरेंस बाई कैंडिडेट के लिए चार जुलाई से लेकर छह जुलाई तक पोर्टल खुलेगा। दूसरी मेरिट लिस्ट नौ जुलाई को जारी होगी।



जींद। आईटीआई में पहली मैरिट लिस्ट देखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**राजकीय आईटीआई की मेरिट लिस्ट**

| ट्रेड का नाम | मेरिट में संख्या | कुल सीट | उच्चतम मेरिट लिस्ट | न्यूनतम मेरिट लिस्ट |
|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 72 | 96 | 110 | 47 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर | 44 | 48 | 105 | 56.2 |
| वायरमैन | 31 | 48 | 99.2 | 82.8 |
| फिटर | 29 | 48 | 100 | 77.4 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 45 | 48 | 105 | 61.6 |
| मैकेनिक डीजल | 16 | 24 | 97.2 | 75.4 |
| रेफ्रिजरेटर एसी तकनीशियन | 16 | 24 | 102.8 | 82.6 |
| स्टेनोग्राफर इंग्लिश | 44 | 48 | 105 | 82.2 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 17 | 24 | 104 | 78.4 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 33 | 47 | 110 | 84.2 |
| पलंबर | 30 | 48 | 98 | 63.6 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल | 20 | 24 | 100 | 90.8 |
| मशीनिस्ट | 25 | 48 | 95.2 | 54 |
| टर्नर | 12 | 24 | 95 | 74.8 |
| ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | 16 | 24 | 98 | 76 |
| वैल्डर ड्यूल एच | 24 | 48 | 98.6 | 74.6 |
| मैकेनिक ट्रैक्टर | 24 | 48 | 95.6 | 68 |
| तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन | 16 | 24 | 96.6 | 67.6 |
| ड्रेस मेकिंग | 28 | 48 | 97 | 60.4 |
| पेंटर जनरल | 12 | 24 | 100 | 62 |
| फिटर ड्यूल एच | 11 | 24 | 97.8 | 64.8 |
| मैकेनिकट डीजल ड्यूल एच | 13 | 24 | 105 | 72 |
| स्यूइंग टेक्नोलॉजी | 27 | 48 | 105 | 60.2 |
| वुड वर्क तकनीशियन | 23 | 48 | 97.6 | 55.6 |
| जियो इन्फोटिक्स | 37 | 48 | 95.6 | 70.6 |



जींद। 'हंजू साम्ब गीत लिखांगे' का विमोचन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# मानव की लिखी कृति 'हंजू साम्ब गीत लिखांगे' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के मंच से हुआ विमोचन

साहित्यकार मन्जु मानव के पंजाबी काव्य संग्रह ''हंजू साम्ब गीत लिखांगे'' का विमोचन चौ. रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में आयोजित रा'य स्तरीय समारोह के समापन अवसर पर हुआ। इससे पहले मंजू मानव के दो हिन्दी काव्य संग्रह और कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। आँसुओं को संभाल कर गीत लिखना और गीतों में अपनी भावनाओं को सूक्ष्मता से पिरोकर गीतों की लड़ी बना अपनी अभिव्यक्ति को सजाने का काम मंजु मानव ने बखूबी किया। कवयित्री ने विषय को सार्थकता प्रदान कर अपने आसूंओं को जीवन्त कर दिया है। मंजू मानव ने बताया कि इस काव्य संकलन में यादों के सिलसिलो में लिपटे लफ्ज लिए भिगोती रचनाएं भी हैं और यथार्थ की सच्चाई की अभिव्यक्ति भी है। समाज, उसूल, त्योहार के भीतरी दर्द उभरते हैं। नारी हृदय की मार्मिक टीस है तो कहीं उन्हें झिंझोडती हुई मार्मिक पीड़ाएं हैं। ये शब्द नहीं पल पल जिया जीवन है और स्वयं की अनुभूतियों की साहित्य रूप में अभिव्यक्ति है। पुस्तक का विमोचन हरियाणा साहित्य एवं संसकृति अकादमी, पंचकूला द्वारा आयोजित ''राजा दाहिर सैन'' सात दिवसीय साहित्य उत्सव के समापन समारोह में चौ. रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद के प्रांगण में हुआ। अकादमी की ओर से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल डॉक्टर रणपाल सिंह रहे । समारोह में अकादमी के उपाध्यक्ष माननीय डॉ. कुलदीप अग्निहोत्री भी शोभायमान रहे। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सरकार घोषणाएं करने तक सीमित : मलिक

- जुलाना को उपमंडल का दर्जा तो मिला लेकिन नहीं मिली मूलभूत सुविधाएं
- सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



दलजीत मलिक।

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि भाजपा केवल घोषणावादी सरकार है। आए दिन झूठी घोषणाएं करके लोगों को गुमराह करने का काम करती है लेकिन उनको धरातल पर उतारने के लिए कोई प्रयास नहीं करती है। मलिक शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

दलजीत मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार ने जुलाना को उपमंडल का दर्जा तो दे दिया लेकिन यहां किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा नहीं दी। जुलाना को उपमंडल का दर्जा मिलने के बाद यहां एसडीएम कार्यालय तो खुल गया लेकिन यहां न एसडीएम के सहायक की नियुक्त हुई है और न अन्य सरकारी कामकाज शुरु हुए। यहां अभी तक डीएसपी की भी नियुक्ति नहीं हुई है। इसके चलते जुलाना में लगातार अपराध भी बढ़ रहा है। यहां सभी सरकारी कार्यालयों का यही हाल है। किसी भी सरकारी कार्यालय में कर्मचारी नहीं हैं। किसी कार्यालय में अधिकारी हैं तो कर्मचारी नहीं हैं और किसी में कर्मचारी हैं तो अधिकारी नहीं है। इस प्रकार जुलाना के सरकारी कार्यालय राम भरोसे चल रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में लोगों को काम करवाने के लिए कई-कई दिनों तक चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। मलिक ने कहा कि पहले जुलाना को उपमंडल का दर्जा नहीं मिलने के कारण लोग जींद जाकर अपने कामकाज तो करवा लेते थे लेकिन अब जुलाना को उपमंडल का दर्जा मिलने के बाद वह जींद भी नहीं जा सकते और जुलाना में उनके काम करने के लिए कोई अधिकारी नहीं है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## एमपीएचडब्लयू का शोषण बंद हो : शक्ति सिंह

**जींद।** बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों ने विभागीय कार्यक्रमों के ऑनलाइन कार्य को लेकर किए जा रहे शोषण को लेकर जिला संयोजक शक्ति सिंह के नेतृत्व में सिविल सर्जन कार्यालय पर धरना दिया। पूर्व जिला प्रधान संदीप कुंडू ने बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा दस से बारह कार्यक्रम एक साथ चलाए हुए हैं। एमपीएचडब्लयू वर्ग सरकार के कार्यक्रमों को ऑफलाइन मोड़ में चलाते हुए स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को जमीनी स्तर पर पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रमों के इतने भारी दबाव के चलते ऑनलाइन के दबाव के चलते अन्य कार्यक्रम व कर्मचारियों का पारिवारिक ढांचा प्रभावित हो रहा है। मूलभूत संसाधनों के बिना ऑनलाइन कार्यक्रमों का दबाव बनाया जा रहा है।

# मिट्टी घोटाले को रंगे हाथ पकड़ने के लिए पहरेदारी

- विधायक ने भी फोन कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

घग्गर नदी पर किए जा रहे मिट्टी घोटाले की धरपकड़ के लिए भाकियू ने रात को पहरेदारी शुरू कर दी है ताकि घोटाला करने वाले लोगों को पकड़ा जा सके। आज यहां जारी एक प्रैस नोट में भाकियू के जिला प्रभारी किन्द्र ठेकेदार ने बताया कि वे एस.डी.एम. गुहला व ड्रूबसचाई विभाग के अधिकारियों को कई बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायतें कर चुके हैं परंतु अधिकारी पहले तो यह मानने के लिए ही तैयार नहीं हैं कि यहां मिट्टी का घोटाला हो रहा है और भाकियू द्वारा बार बार शिकायतें करने के बाद सम्बन्धित अधिकारी यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि उनकी शिकायत आ गई है, जिसकी जांच कर ली जाएगी। किन्द्र सिंह ने बताया कि यूनियन के पदाधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार द्वारा जहां जहां पर मिट्टी बेची जा रही है, उसके पते भी दिए और मांग की कि घग्गर नदी से निकल रही मिट्टी व जहां मिट्टी को बेचा गया है, वहां की मिट्टी के सैंपल भरे जाएं ताकि दूध का दूध व पानी का पानी हो सके। किसान नेता ने कहा कि अधिकारी सैंपल लेने के लिए भी तैयार नहीं हैं, जिससे साफ है कि ठेकेदार के साथ अधिकारियों की भी सांठगांठ है और अधिकारियों की शह पर ही बड़े मिट्टी घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब से भाकियू घोटाले की जांच की मांग कर रही है तो स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ठेकेदार ने घग्गर नदी से मिट्टी निकालने के काम को धीमा कर दिया है।



गुहला चीका। घग्गर नदी के साइफन से निकाली जा रही मिट्टी।

**गुहला विधायक ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फोन कर ली घोटाले की जानकारीः** इस बीच उक्त घोटाले को लेकर हलका विधायक ईश्वर सिंह ने ड्रूबसचाई विभाग के एस.ई. कैथल से सारी जानकारी मांगी और कहा कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और जो लोग कथित घोटाले के आरोप लगा रहे है।

## पोल पर तार लगवाने को लेकर चक्कर काट रहे किसान

- निगम एसडीओ से लेकर जेई तक को करवा चुके अवगत, फिर भी नहीं जागा निगम प्रशासन

**अलेवा।** दिल्लूवाला निवासी किसान खेत में खड़े बिजली के पोल पर तार लगवाने को लेकर करीब एक साल से बिजली निगम नगूरां के चक्कर लगा रहे है, लेकिन निगम प्रशासन किसानों की किसी प्रकार की सुनवाई नहीं कर रहा है। जिसके कारण किसानों में निगम प्रशासन तथा सरकार के खिलाफ रोष है। दिल्लूवाला निवासी किसान चांद, ओमप्रकाश, जयबीर आदि ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व तेज अंधड़ के चलते उनके खेत में खड़ा बिजली का पोल गिर गया था। बिजली के पोल गिर जाने की सूचना किसानों ने उसी समय नगूरां निगम एसडीओ तथा जेई को देने का काम किया था। निगम ने करीब दो महिने पूर्व खेत में बिजली के गिरे पोल को तो लगा दिया, लेकिन निगम प्रशासन पोल पर बिजली के तार नहीं लगा रहा है। जिसके कारण किसानों को धान आदि की रोपाई के लिए बिना बिजली के काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं किसानों ने बताया कि इसके लिए करीब दो महिने से नगूरां निगम एसडीओ तथा जेई कार्यालय के चक्कर लगा रहे है, लेकिन उनकी किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे किसान परेशान है।

# डाहौला में साल से बंद पड़ा कश्यप चौपाल का काम

- कश्यप समाज के लोगों ने संबधित एजेंसी के खिलाफ जांच व कानूनी कार्रवाई करने की मांग

**अलेवा।** डाहौला गांव के कश्यप समाज के लोग करीब एक साल से कश्यप चौपाल के बंद पड़े कायोर्ं को लेकर संबंधित एजेंसी के खिलाफ जांच तथा कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर पंचायती राज एक्सइएन से मिले। एक्सइएन ने कश्यप समाज के लोगों को जल्द ही मामले को लेकर संबंधित एजेंसी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पंचायती राज एक्सइएन जींद को दी शिकायत में डाहौला गांव के बैकवर्ड प्रधान धर्मबीर, ओमप्रकाश, संदीप आदि ने बताया कि एचआरडीएफ योजना के तहत गांव में कश्यप चौपाल के निर्माण के लिए करीब 16 लाख 46 हजार रूपये मंजूर हुए थे। जिसका ठेका दी शिव शक्ति कोआपरेटिव एल एंड सी सोसाएटी दुर्जनपुर को दिया था। लेकिन उक्त कंपनी ने कुछ समय काम करने के बाद चौपाल के कायारं को बीच में ही रोक दिया है। जिसमें कंपनी ने काम को रोके करीब एक साल हो चुका है।



अलेवा। डाहौला गांव में अधूरी पड़ी चौपाल को दिखाते कश्यप समाज के लोग।

### एचकेआरएन के तहत 70 परिचालकों की होगी डिपो में भर्ती

# रोडवेज बेड़े में अब नहीं रहेगी परिचालकों की कमी

- बेड़े में शामिल सभी बसें होंगी आन रूट, ओवरटाइम में होती थी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जींद डिपो में बसों की संख्या को देखते हुए चालक व परिचालकों की कमी है। इस कारण बसों का संचालन बाधित हो रहा है। ऐसे में मुख्यालय द्वारा एचकेआरएन के तहत डिपो में 70 परिचालकों को शामिल किया जाएगा। इससे पहले भी पिछले साल एचकेआरएन के तहत 23 परिचालक आए थे। अभी जींद डिपो में रोडवेज बसों की संख्या 200 है, जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। डिपो की बसों में हर रोज लगभग 17 हजार यात्री सफर करते हैं, जिससे डिपो को हर रोज लगभग 12 लाख रुपए की आमदनी होती है। 200 बसों पर 230 चालक व 265 परिचालक कार्यरत हैं। 1.7 नोरम के हिसाब से डिपो में 200 बसों पर 340 चालक व 340 परिचालकों की जरूरत है। एचकेआरएन के तहत 70 परिचालक आने पर परिचालकों की कमी तो काफी हद तक पूरी हो जाएगी, लेकिन बसों की संख्या को देखते हुए चालकों की कमी है। हालांकि अभी सभी बसों के संचालन को लेकर कर्मचारियों को ओवरटाइम दिया जा रहा है, लेकिन जब भी चालक व परिचालक को रेस्ट दिया जाता है तो पांच से दस बस खड़ी रहती हैं। बता दें कि पिछले एक साल में डिपो में 100 से 'यादा नई बस शामिल हो चुकी हैं। जबकि बसों की संख्या को देखते हुए कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई है। वहीं 26 जून को रोडवेज कर्मचारियों ने चालक परिचालकों का ओवर टाइम सीमित करने, बीमार कर्मचारियों से लंबे मागारें पर ड्यूटी लेने, कर्मचारियों के दे अर्जित अवकाशों में कटौती करने, एलटीसी का भुगतान नहीं करने, पिछले कई महीनों के ओवर टाइम व रात्रि ठहराव भत्ता का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर जीएम को ज्ञापन सौंपा था। ऐसे में अब अगर डिपो में परिचालक शामिल होते हैं तो बसों का संचालन सुचारू रूप से होगा।



जींद बस अड्डा

### जल्द होगी भर्ती

रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने कहा कि एचकेआरएन के तहत डिपो में 70 परिचालक मुख्यालय द्वारा शामिल किए जाएंगे। अभी परिचालकों की भर्ती करने को लेकर कुछ समय लग सकता है। जैसे ही नए परिचालक आएंगे तो उन्हें ट्रेनिंग देकर रूट पर भेजा जाएगा। वहीं डिपो में चालकों की भी थोड़ी बहुत कमी है। एचकेआरएन के तहत मुख्यालय द्वारा चालक भी डिपो में शामिल किए जाएंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष के रवैये पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**जींद।** लोकसभा में कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के व्यवहार को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रानी तालाब पर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे रोष प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि दीपेन्द्र का अपमान पूरे हरियाणा की जनता का अपमान है। इस अपमान को हरियाणा की जनता और कांग्रेस सहन नहीं करेगी। बलजीत रेढू ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा को रोहतक की जनता ने तीन लाख से 'यादा मतों के अंतर से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजा है। जब सांसद दीपेंद्र हुड्डा लोकसभा में बोल रहे थे, तब स्पीकर ओम बिरला ने जिस तरह का व्यवहार उनके साथ किया, वह संसदीय परंपरा के अनुकूल नहीं है। यह सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ पूरे हरियाणा का अपमान है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005